LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 6th Jan. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# अब मतदाता सूची में नाम की जांच होगी और भी आसान

**नवज्योति/पाली।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद जो मतदाता अपनी स्थिति को लेकर अनिश्चितता महसूस कर रहे है उनके लिए निर्वाचन विभाग की ओर से एसएमएस सुविधा शुरू की गई जिस पर वे मैसेज के माध्यम से अपना नाम खोज सकेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से शुरू की गई इस व्यवस्था के कोई भी मतदाता सामान्य मोबाइल के जरिए अपने नाम की स्थिति जान सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता को अपने मोबाइल से 1950 पर एसएमएस भेजना होगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचन क्षेत्र के कई नए मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें मतदाता क्रमांक ओर मतदान केंद्र में परिवर्तन हुआ है। एसएमएस सेवा में मतदाता सरल त्वरित और सुलभ रूप से प्रारूप मतदाता सूची में अपनी स्थिति जान पाएंगे। यह पहल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

**ऐसे करें मैसेज**

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राणावत ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता को अपने मोबाइल से इनबॉक्स में इसीआई फिर स्पेस देकर अपना ईपिक नंबर डालना होगा, फिर उसे 1950 पर सेंड करना होगा। इसके बाद मतदाता को मोबाइल पर उसकी संपूर्ण जानकारी एसएमएस के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो जाएगी।

# एसएमएस पर पता लगेगा मतदाता सूची में कहां नाम

## मतदाताओं को 1950 पर करना होगा एसएमएस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** मतदाता सूची में आपका नाम है या नहीं। यह अब किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। मोबाइल पर अंगुलियां दबाकर ये प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए मतदाता को केवल 1950 नम्बर पर एक एसएमएस भेजना होगा। इसके बाद उसे पूरी जानकारी मिल जाएगी।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद कई मतदाता अपनी स्थिति को लेकर अनिश्चितता महसूस कर रहे हैं। उनको यह पता नहीं चल रहा है कि अब उनका नाम मतदाता सूची में है या नहीं, कहीं वे सूची से वंचित तो नहीं हैं। ऐसे सभी मतदाता सामान्य मोबाइल के जरिए अपने नाम की स्थिति जान सकते हैं।

## इस तरह कर सकते हैं एसएमएस

**मतदाता** की अपने मोबाइल से इनबॉक्स में इसीआई (ECI) लिखकर स्पेस देना होगा। इसके बाद अपना ईपीक नम्बर डालना होगा। उसे 1950 नम्बर पर सेंड करना होगा। इसके बाद मतदाता को मोबाइल पर उसकी जानकारी आ जाएगी। जिसमें मतदाता का नाम, पिता का नाम, मकान संख्या व स्वयं के मतदान केन्द्र की जानकारी होगी।



यदि किसी मतदाता का मतदान केन्द्र बदला है तो भी उसमें पता लग जाएगा।

## प्रदेश में बनाए 8 हजार से अधिक मतदान केन्द्र

**राज्य** में 8935 नए मतदान केंद्र बनाए हैं। इस कारण मतदाताओं के मतदान केंद्र और मतदाता क्रमांक में बदलाव हुआ है। एसएमस से प्रारूप मतदाता सूची में मतदाता आसानी से नाम खोज सकते हैं। यह सुविधा नहीं होने पर उन्हें मतदाता सूचियों को खंगालना पड़ता या बीएलओ से पूछना पड़ता।

## नई व्यवस्था की गई है शुरू

निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाताओं के लिए नई एसएमएस सुविधा शुरू की है। इससे मतदाता नाम के साथ मतदान केन्द्र की भी जानकारी ले सकेंगे।

**विमलेन्द्र सिंह राणावत,**
उपखण्ड अधिकारी, पाली

# 1950 पर मैसेज कर खोज सकेंगे नाम

पाली| जो मतदाता अपनी स्थिति को लेकर अनिश्चितता महसूस कर रहे हैं उनके लिए एसएमएस सुविधा शुरू की गई। जिस पर वे मैसेज के माध्यम से अपना नाम खोज सकेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि मतदाता को मोबाइल के जरिए अपने नाम की स्थिति जानने 1950 पर एसएमएस करना होगा।

## अब मतदाता सूची में नाम की जांच होगी और भी आसान

# 1950 पर एस एम एस करके मतदाता खोज सकेंगे अपना नाम



जनगण न्यूज

**पाली।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद जो मतदाता अपनी स्थिति को लेकर अनिश्चितता महसूस कर रहे है उनके लिए निर्वाचन विभाग की ओर से एस एम एस सुविधा शुरू की गई जिस पर वे मैसेज के माध्यम से अपना नाम खोज सकेंगे

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से शुरू की गई इस व्यवस्था के कोई भी मतदाता सामान्य मोबाइल के जरिए अपने नाम की स्थिति जान सकता है।

उन्होंने बताया कि मतदाता को अपने मोबाइल से 1950 पर एस एम एस भेजना होगा।उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचन क्षेत्र के कई नए मतदान केंद्र बनाए गए है जिसमें मतदाता क्रमांक ओर मतदान केंद्र में परिवर्तन हुआ है।एस एम एस सेवा में मतदाता सरल त्वरित और सुलभ रूप से प्रारूप मतदाता सूची में अपनी स्थिति जान पाएंगे।यह पहल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है




ऐसे करे मैसेज - निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राणावत ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता को अपने मोबाइल से इनबॉक्स में इसीआई फिर स्पेस देकर अपना ईपिक नंबर डालना होगा फिर उसे 1950 पर सेंड करना होगा।इसके बाद मतदाता को मोबाइल पर उसकी संपूर्ण जानकारी एस एम एस के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो

# मतदाता एसएमएस से जान सकेंगे अपनी स्थिति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**निर्वाचन विभाग ने शुरू की सुविधा**

**पाली।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद जिन मतदाताओं को अपनी मतदाता स्थिति को लेकर असमंजस है, उनके लिए निर्वाचन विभाग ने एसएमएस आधारित सुविधा शुरू की है।

इस सेवा के माध्यम से मतदाता सामान्य मोबाइल फोन से ही अपना नाम एवं मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह सुविधा पारदर्शिता एवं मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से कोई भी मतदाता प्रारूप मतदाता सूची में अपनी स्थिति आसानी से जान सकता है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में कई नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिससे कुछ मतदाताओं के क्रमांक एवं मतदान केंद्रों में परिवर्तन हुआ है। ऐसी स्थिति में एसएमएस सेवा मतदाताओं के लिए त्वरित, सरल और सुलभ माध्यम साबित होगी। राणावत ने बताया कि मतदाता अपने मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर पहले ECI लिखें, उसके बाद एक स्पेस देकर अपना ईपिक नंबर दर्ज करें और इसे 1950 पर भेज दें। एसएमएस भेजने के बाद मतदाता को उसकी मतदाता संबंधी संपूर्ण जानकारी मोबाइल पर संदेश के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। निर्वाचन विभाग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग कर अपनी जानकारी की पुष्टि करें, ताकि भविष्य में मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।